**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालयसावधिक परीक्षा 1 हिंदी कक्षा- 7 पूर्णांक- 40**

**प्रश्न सं.1** नीचे दिए गए प्रश्नों का सबसे सही उत्तर कौन – सा है **?** उनके सामने तारा **(★ )** बनाइए । कुछ प्रश्नों के एक से अधिक उत्तर भी हो सकते हैं। **6**

**i** कविता में घायल पक्षी की कहानी का उपयोग किस लिए किया गया है**?**

अ. निर्दोष पक्षी के प्रति आखेटक की क्रूरता दिखाने के लिए।

ब. पिता की वीरता और साहस पर ध्यान दिलाने के लिए।

स. करुणा और हिंसा के बीच के संघर्ष को दिखाने के लिए।

द. मित्रता और निष्ठा के महत्व को उजागर करने के लिए।

**ii** माँ अपने बेटे को करुणा और न्याय की कहानी क्यों सुनाती है **?**

अ. राजाओं की कहानियों से उसका मनोरंजन करने के लिए।

ब. उसमें सही और गलत की समझ विकसित करने के लिए।

स. उसे परिवार की विरासत और पूर्वजों के बारे में बताने के लिए।

द. उसे प्रकृति और जानवरों के बारे में जानकारी देने के लिए।

**iii** राजा ने भाइयों की बुद्धिमता पर विश्वास क्यों किया**?**

अ. भाइयों ने अपनी बात को तर्क के साथ समझाया।

ब. राजा को ऊँट के स्वामी की बातों पर संदेह था ।

स. राजा ने स्वयं ऊँट और पेटी की जाँच कर ली थी।

द. भाइयों ने राजा को अपनी बात में उलझा लिया था ।

**iv** लोककथा के पात्रों और घटनाओं के आधार पर, राजा के निर्णय के पीछे कौन-सा मूल्य छिपा है **?**

अ. दोषी को कड़ा से कड़ा दंड देना हर समस्या का सबसे बड़ा समाधान है।

ब. अच्छी तरह जाँच किए बिना किसी को दोषी नहीं ठहराना चाहिए।

स. राजा की प्रत्येक बात और निर्णय को सदा सही माना जाना चाहिए।

द. ऊँट की चोरी के निर्णय के लिए सेवक की बुद्धि का उपयोग करना चाहिए।

**v** फूल और काँटा कविता के आधार पर कौन-सा निष्कर्ष उपयुक्त है **?**

अ. व्यक्ति का कुल ही उसके सम्मान का आधार होता है।

ब. व्यक्ति के कार्यों के कारण ही लोग उसका सम्मान करते हैं।

स. कुल की प्रतिष्ठा हमेशा व्यक्ति के गुणों से बड़ी होती है।

द. यदि व्यक्ति अच्छे कार्य करता है तो उसके कुल को प्रसिद्धि मिलती है।

**vi** कविता के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ‘बड़प्पन’ के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है **?**

अ. धन-दौलत और ताकत से व्यक्ति के बड़प्पन का पता चलता है।

ब. कुल के बड़प्पन की प्रशंसा व्यक्ति की कमियों को ढक देती है।

स. बड़प्पन व्यक्ति के गुणों, स्वभाव और कर्मों से पहचाना जाता है।

द. कुल का नाम व्यक्ति में बड़प्पन की पहचान का मुख्य आधार है।

प्रश्न सं.**2** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो **2x3 =6**

I. आखेटक और बच्चे के पिता के बीच तर्क-वितर्क क्यों हुआ था?

II. तीनों भाइयों ने बिना ऊँट को देखे उसके विषय में कैसे बता दिया था ?

III. आपको फूल और काँटे के स्वभाव में मुख्य रूप से कौन – सा अंतर दिखाई दिया?

प्रश्न सं.**3 .** संज्ञा किसे कहते हैं**,**और उसके मुख्य भेद कितने होते हैं नाम लिखो **3**

प्रश्न सं.**4** सर्वनाम किसे कहते हैं**?** **2**

प्रश्न सं.**5** निम्नलिखित सर्वनाम के भेदों के दो**–** दो उदाहरण लिखो **3**

i पुरुषवाचक ii प्रश्नवाचक iii निश्चयवाचक

प्रश्न सं.**6 .**निम्नलिखित उदाहरणों का संबंध सर्वनाम के किन भेदों से है **4**

अ.जिसका ब.कैसे स.खुद द. क्यों

प्रश्न सं.**7** निम्नलिखित शीर्षक में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखो **6**

पर्यावरण किसान स्वदेश प्रेम

प्रश्न सं.**8** संधि विच्छेद करो **5**

I. एक + एक = ii. महा + ईश= iii. अति + अधिक = iv. सूर्योदय= v**.** रजनी + ईश=

प्रश्न सं. **9** महानगरों में बढ़ते प्रदूषण पर दो मित्रों का संवाद लिखो 5